पत्रांकः– 04 / वि० 16–84 / 2025 (पार्ट–1) 2207
बिहार सरकार,
शिक्षा विभाग

प्रेषक,

विजय कुमार पाण्डेय,
निदेशक (प्रशासन)।

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक 02-11-2026

विषयः– विद्यालयों के आधारभूत संरचनाओं के विकास एवं सुदृढ़ीकरण हेतु 'सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान' के योजनाओं के कार्यान्वयन के संबंध में।

महाशय / महाशया,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विद्यालयों की आधारभूत संरचना के विकास एवं सुदृढ़ीकरण हेतु 'सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान' के तहत पूर्व से अवस्थित परिसंपत्तियों के उन्नयन, सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत आदि के कार्य कराये जाने हेतु दिशा–निर्देश निर्गत किये गये हैं। उक्त परिप्रेक्ष्य में शिक्षा विभाग के अंतर्गत सर्वप्रथम विद्यालय स्तर पर तत्काल कराये जाने वाले सुधारात्मक कार्य यथा छोटे एवं आवश्यक कार्य, लघु मरम्मती कार्य, रंग–रोगन, ब्लैकबोर्ड, दरवाजे / खिड़कियों की मरम्मत, फर्श की मरम्मत, पेयजल, रनिंग वाटर सहित शौचालयों का रख–रखाव एवं अन्य आवश्यक सुधारात्मक कार्य प्रक्रियाधीन है।

इस क्रम में स्पष्ट किया जाता है कि सभी सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) एवं सभी पीएम श्री विद्यालयों में हाल ही में रंग–रोगन एवं अन्य सुधारत्मक कार्य किये गये है। अतः उक्त विद्यालयों को छोड़कर शेष सभी संबंधित विद्यालयों में आवश्यकतानुसार कायाकल्प अभियान के तहत कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

विश्वासभाजन,

2.11.26

(विजय कुमार पाण्डेय)
निदेशक (प्रशासन)

ज्ञापांक– 04 / वि० 16–84 / 2025 ...2207 पटना, दिनांक– 02-11-2026

प्रतिलिपि– माननीय मंत्री के आप्त सचिव / अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव / सचिव के आशुलिपिक / विशेष सचिव के आशुलिपिक / सभी निदेशक / सभी क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. आई०टी० प्रबंधक, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

2.11.26

निदेशक (प्रशासन)